पटाखों की चिंगारीने उजाड़ दी 45 साल पुरानी कपड़े की दुकान

10 लाख से अधिक का सामान जलकर राख

गयाजी। डेल्हा थाना क्षेत्रके बस स्टैंडके समीप करीब 40 से 45 साल पुरानी पुश्तैनी सरोज वस्त्रालय कपड़े की दुकान में सोमवार की अहले सुबह करीब तीन बजे भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते पूरी दुकान धू-धूकर जलने लगी। दुकानमें रखा 10 लाखका कपड़ा, फर्नीचर, बिक्री के लिए रखे तैयार कपड़े, नकदी और जरूरी कागजात जलकर राख हो गए। पीड़ित दुकानदार सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस अगलगी में करीब 10 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना दुकानदार और उनके परिजनोंको दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभागको खबर दी गई। करीब 20 मिनटके अंदर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। हालांकि, जब तक दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंची, तब तक दुकान में रखा लगभग पूरा कपड़ा आग की भेंट चढ़ चुका था। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

दुकानदार सुरेंद्र कुमारने बताया कि वह गया शहर के डेल्हा बस स्टैंड क्षेत्र के निवासी हैं और कपड़ेका कारोबार करते हैं। उनकी दुकान करीब चार से पांच दशक पुरानी है और परिवारकी आजीविका का मुख्य साधन है। दीपावली की रात करीब सात बजे दुकानमें पूजा-पाठ करनेके बाद रात लगभग 10 बजे दुकान बंद कर सभी लोग घर चले गए थे। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि कुछ घंटे बाद उनकी वर्षों की मेहनत आगकी लपटों में समा जाएगी।घटनास्थल पर पटाखों के सुतली और बम के अवशेष मिली हैं. स्थानीय लोगों और परिजनों ने आशंका जताई है कि असामाजिक युवकों द्वारा दीपावली के दौरान छोड़े गए पटाखे की चिंगारी से दुकान में आग लगी होगी। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार ने संबंधित थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

पशुपतिनाथ पारस नेपालकी थीम पर सजा तिरंगा क्लब का पूजा पंडाल

मानपुर। मानपुर शहरी क्षेत्रके मानपुर बाजार में तिरंगा क्लब की ओर से इस वर्ष आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पूजा पंडाल को नेपाल के पशुपतिनाथ पारस मंदिर की थीम पर सजाया गया है। पंडाल की भव्य सजावट और आकर्षक लाइटिंग देखने के लिए शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रें तक के लोग पहुंच रहे हैं। वहीं गेरे रोडमें माहाभारत के तर्ज पर पंडाल बना हुआ है।तिरंगा क्लब का उद्घाटन करने पहुंचे कांग्रेस युवा नेता डा शशि शेखर सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया और इसके बाद लोगों को आकर्षण मूर्ति देखने को मिला। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंहने कहा कि तिरंगा क्लब की ओर से प्रत्येक वर्ष आकर्षक मूर्तियां और सजावट दी जाती है जिसके लेकर शहर से लेकर ग्रामीण तक लोग यहां देखने के लिए आते हैं। तिरंगा क्लब के अध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि क्लब की ओर से प्रत्येक वर्ष अनोखी और आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। इस बार भी विशेष थीमके माध्यम से श्रद्धालुओं को आकर्षित करने का प्रयास किया गया है।

वहीं, क्लबके सचिव आकाश गुप्ता ने बताया कि पशुपतिनाथ पारस नेपाल की थीम पर आधारित प्रतिमाएं इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

छठ की तैयारियों को लेकर डीएम एवं एसएसपी ने विभिन्न घाटों का किया निरीक्षण

सभी छठ घाटोंपर श्रद्धालुओं की सुविधाको लेकर दिए आवश्यक निर्देश

गयाजी/मानपुर। छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं एवं छठ व्रतियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने तथा पर्व को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, शशांक शुभंकर एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, सुशील कुमार द्वारा संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियोंने घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, चेंजिंग रूम, पहुंच पथ एवं भीड़ नियंत्रण से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पितामहेश्वर छठ घाट के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने उत्तर मानस तालाबके चारों ओर मजबूत बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुबह के अर्घ्यके दौरान उत्तर मानस तालाबमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित होती है। इसे देखते हुए सुरक्षाके पुख्ता इंतजाम किए जाएं। घाट पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया गया। पितामहेश्वर घाट तक पहुंचने वाले रास्तेमें पड़ने वाले नाले पर लगभग 50-50 फीट लंबी मजबूत लोहेकी शीट बिछानेका निर्देश दिया गया।



इसके अतिरिक्त किरानी घाटपर भी बड़ आकार की मजबूत लोहे की शीट लगानेका निर्देश दिया गया। ताकि श्रद्धालुओंको गंदे पानी से होकर गुजरनेकी परेशानी नहीं हो। पितामहेश्वर घाटपर तीन बड़े वाच टावर स्थापित करने, पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम उपलब्ध कराने तथा समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करनेका निर्देश दिया गया।सूर्यकुंड घाटके निरीक्षण के दौरान बताया गया कि संध्या अर्घ्य के समय यहां काफी अधिक संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इस पर जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सूर्यकुंड की निर्धारित क्षमता पूरी होने पर अतिरिक्त भीड़ को व्यवस्थित तरीके से फल्गु नदीके घाटोंकी ओर डायवर्ट किया जाए, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। गयाजी डैम के निरीक्षण के दौरान देवघाट के समीप नदी के पानी की समुचित सफाई कराने का निर्देश दिया गया। नदी में पूर्व से लगाए गए बैरिकेडिंग को और अधिक मजबूत करने तथा घाट पर उपलब्ध चेंजिंग रूम की मरम्मत एवं व्यवस्था दुरुस्त करानेको कहा गया, ताकि श्रद्धालु उसका सुगमतापूर्वक उपयोग कर सकें। इसके अतिरिद्र पूरे घाट पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने एवं छठ महापर्व के पारंपरिक लोकगीतों का लगातार प्रसारण कराने का निर्देश दिया गया।

सीता कुंड घाट एवं मानपुर सूर्य पोखरका निरीक्षण

सीता कुंड पुलके नीचे बने छठ घाट के निरीक्षण के दौरान घाट की बेहतर साफ-सफाई कराने तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। वहीं, मानपुर स्थित सूर्य पोखर घाटके निरीक्षण के दौरान जलजमावकी स्थिति को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने तत्काल जेसीबी लगाकर जलजमाव वाले स्थल की सफाई कराने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर सूर्य पोखर एवं सूर्य मंदिर न्यास समिति की ओरसे प्रकाश राम पटवा, अवध बिहारी पटेल, मुन्ना पटवा, संजीत कुमार ऊर्फ छोटू, नागरिक परिषद सदस्य अरुण राव एवं स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी, एसएसपी तथा अन्य पदाधिकारियोंको अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। केंदुई छठ घाट के निरीक्षण के दौरान घाट परिसर में जमा गंदगी की अविलंब सफाई कराने तथा घाट तक पहुंचने वाले रास्तेको समतल कराने का निर्देश दिया गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं भीड़ पर प्रभावी निगरानी के लिए घाट पर वाच्च टावर स्थापित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि केंदुई घाट तक पहुंचनेके लिए पांच अतिरिक्त वैकल्पिक रास्ते तैयार किए गए हैं। जिला पदाधिकारीने इन सभी रास्तोंका समुचित समतलीकरण करानेका निर्देश दिया। इसके साथ ही घाट पर प्रवेश एवं निकास के लिए पर्याप्त साइनेज, पब्लिक एड्रेस सिस्टम तथा बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करानेको कहा गया।

पालिटेक्निक छठ घाटके निरीक्षण के दौरान घाट परिसरमें उगी झाड़ियों की सफाई कराने तथा जमा गंदे पानीकी समुचित सफाई एवं निकासी सुनिश्चित कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

जिला पदाधिकारीने सभी संबंधित पदाधिकारियोंको निर्देश दिया कि छठ महापर्वको देखते हुए सभी घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, चेंजिंग रूम एवं आवागमन से जुड़ी सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराई जाएं। श्रद्धालुओं एवं छठ व्रतियोंको अर्घ्य अर्पित करनेके दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, गया नगर निगम, सहायक समाहर्ता, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

'मगही महोत्सव 2.0 ' की वार्षिक पत्रिका का भव्य लोकार्पण

मगही संस्कृतिके संरक्षण को पटनामें मगध भवन बनानेकी आवश्यकता: डा. प्रेम

गयातजी। मगध की प्राचीन लोकभाषा मगही के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार हेतु समर्पित 'मगही महोत्सव 2.0 (2026)' की वार्षिक पत्रिका का लोकार्पण बिहार विधानसभा अध्यक्ष सभाकक्ष, पटनामें



संपन्न हुआ। इस अवसर पर पत्रिका का लोकार्पण बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने किया। कार्यक्रम में मगही भाषा एवं साहित्य से जुड़े साहित्यकार, बुद्धिजीवी, कलाकार, पत्रकार, शिक्षाविद् तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मगही महोत्सव का उद्देश्य मगध की समृद्ध भाषायी एवं सांस्कृतिक विरासतको नई पीढ़ी तक पहुँचाना और उसे राष्ट्रीय स्तर पर गरिमामय पहचान दिलाना रहा है।लोकार्पण के उपरांत अपने संबोधन में डा प्रेम कुमार ने मगही भाषा की ऐतिहासिक गरिमा, लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु मगध भवन के निर्माणकी आवश्यकता है, इस हेतु सरकार से पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि मगही केवल बोलचाल की भाषा नहीं, बल्कि मगध की आत्मा, अस्मिता और जन-जीवनकी अभिव्यक्ति है। उन्होंने मगही भाषा के प्रति गर्व का भाव जगाने तथा इसके लिखित, शैक्षिक एवं साहित्यिक प्रसार को नई दिशा देने पर बल दिया। मगही की समृद्धि और उसके संवैधानिक मान्यता को लेकर भी पिछले मगही महोत्सवोंमें इसी प्रकार की चर्चा सामने आई है। उन्होंने आज लोकार्पित पत्रिका को मगही भाषियों के लिए बेहद उपयोगी बताया। आयोजन समितिकी ओर से उज्ज्वल कुमार, विजेता चंदेल और रविशंकर उपाध्याय ने बताया कि यह वार्षिक पत्रिका मगहीके सांस्कृतिक विमर्श को एक मंचपर संकलित करने का प्रयास है। कार्यक्रमके दौरान उपस्थित मनेर के विधायक भाई वीरेंद्र, मगध के प्रसिद्ध चिकित्सक डा सत्यजीत सिंह, फिल्मकार मिथिलेश सिंह, गया घराने के गायक पं सतीश शर्मा, राजनीतिक कार्यकर्ता मुकेश सिंह, वरीय फोटो जर्नलिस्ट रूपक सिन्हा सहित अन्य ने मगही भाषा, साहित्य, लोक संस्कृति एवं मगध की विरासत पर विचार व्यक्त किए।

उन्होंने मगही महोत्सव आयोजन समिति द्वारा संचालित इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन मातृभाषा के प्रति जन-जुड़ाव बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे।

गया की खबरें पृष्ठ संख्या ९ पर भी देखें

दीपावली एवं महर्षि दयानंद सरस्वती के निर्वाण दिवस पर सामूहिक यज्ञ का आयोजन

गया जी। आर्यसमाज मंदिर मानपुरके प्रागंणमें अंधकार पर प्रकाश की जीत के महापर्व दीपावली एवं महर्षि दयानंद सरस्वती के निर्वाण दिवस के अवसर पर सामूहिक यज्ञ तथा हवन का आयोजन हुआ। आर्यसमाज परिसर वैदिक मंत्रोच्चार तथा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र एवं देवी सीता की जय-जयकार एवं भजनोंसे गूंज उठा। आर्यसमाज के मंत्री जयप्रकाश आर्य, प्रधान विनोद कुमार आर्य, उप प्रधान सुषमा आर्या, कार्यकारिणी की वरीय सदस्या दुर्गेश नंदिनी, किरण आर्या, सरिता आर्या, राजकिशोर, उपेंद्र कुमार आर्य, ओम प्रकाश आर्य, अशोक कुमार वर्मा, नितिन कुमार आर्य एवं डा अशोक कुमार आर्य आदि ने दीपावलीके महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक दूसरे को दीपोत्सव की बधाइयां दीं।



आर्यसमाज मानपुरके पूर्व मंत्री सह अंकेक्षक प्यारचन्द कुमार मोहन ने बतलाया कि 30 अक्टूबर, 1883 को दीपावलीके दिन ही आर्यसमाज के संस्थापक और वेदों के पुनरुद्धारक महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपने नश्वर शरीर का त्याग किया था।

यही कारण है कि आर्यसमाजी दीपावली के दिन को स्वामी दयानंद सरस्वती के निर्वाण दिवसके रूप में भी मनाते हैं। इस दिन महर्षि के महान विचारों, वेदों के प्रचार एवं समाज सुधारके लिए किए गए कार्यों का स्मरण किया जाता है। दुर्गेश नंदिनी ने उपस्थित आर्य सदस्यों को दीपावली के अवसर पर स्वयं अज्ञानता एवं अंधविश्वास के अंधकार से बाहर निकलकर दूसरों को भी जागरूक करने के लिए प्रण लेने कहा।

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-03, पटना।
बिहार सरकार

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-64 वर्ष-2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 14.11.2026 3:00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 17.11.2026 3:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 17.11.2026 (3:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-3, म0 नि0 वि0, पटना/सहायक विद्युत, अभियंता, विद्युत भवन अवर प्रमंडल गर्दनीबाग/ विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल,पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि लाख में	अग्रधन की राशि 2%	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Replacement of Electrical wiring & Electrical Installation in Secretary Chamber & Confrence Hall of Health Deptt., at 1st Floor of Vikash Bhawan, Patna.	3,33,246.00	6,700.00	750.00	10 Days
2	Provision Computer Networking System & Telephone wiring in Room No. 358 of Health Deptt. At 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna	7,62,259.00	15,300.00	1250.00	15 Days
3	SITC of Cassette type AC, Computer Networking System, Telephone wiring, etc in Section 2 & 3 (Room No. 177 Old) of Health Deptt. At 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	11,88,690.00	23,800.00	2500.00	15 Days
4	Replacement of Electrical wiring & Electrical Installation in Room No. 365 of Health Deptt. At 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	12,37,648.00	24,800.00	2500.00	15 Days
5	S/R with Addition and Alteration to E.I in Work Station of Abhiyojan Nideshalay at 2nd Floor, Block - 2 of Vidhan Sabha, Patna	9,79,722.00	19,600.00	1250.00	15 Days
6	Renovation of Electrical wiring & Electrical Installation in Room No. 186 of Health Deptt. At 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	12,39,479.00	24,800.00	2500.00	15 Days
7	Renovation of Electrical wiring & Electrical Installation in Room No. 358 of Health Deptt. At 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	9,26,461.00	18,600.00	1250.00	15 Days
8	SITC of Cassette & split type AC, Computer Networking System, Telephone wiring, etc in Lok Shikayat Niwaran Office (Room No. 177A Old) of Health Deptt. at 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	6,86,058.00	13,800.00	1250.00	15 Days
9	SITC of Cassette type AC Machine in Room No. 358 of Health Deptt. at 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	5,27,114.00	10,600.00	1250.00	15 Days

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 015151 (B C D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, पटना।

धान अधिप्राप्ति के लिए कैश क्रेडिट बढ़ाने की मांग

फतेहपुर (आससे)। नगर पंचायतफतेहपुर पैक्स के अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद सिंह ने जिलाधिकारीको आवेदन देकर धान अधिप्राप्ति के लिए व्यापार मंडल के समकक्ष कैश क्रेडिट उपलब्ध करानेकी मांग की है। उन्होंने कहा है कि नगर पंचायत क्षेत्र में खेती योग्य भूमि नहीं के बराबर है। नगर पंचायतकी उपलब्ध भूमि को आवासीय एवं व्यावसायिक घोषित किए जाने के कारण यहां क्राप कटिंग संभव नहीं है। इसके बावजूद कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष नगर पंचायतफतेहपुर का क्राप कटिंग रिपोर्ट तैयार किया जाता है। अध्यक्ष ने बताया कि नगर पंचायत में फतेहपुर, इटवां और रुपिन तीन राजस्व ग्राम शामिल हैं। लेकिन क्राप कटिंग रिपोर्ट में केवल फतेहपुर और इटवांको ही शामिल किया जाता है। नगर पंचायतमें रहनेवाले अधिकांश किसानोंकी खेती योग्य जमीन प्रखंडकी अन्य पंचायतोंमें है। ऐसे किसान वहां जमीन खरीदकर या पटेपर लेकर खेती करते हैं।

आवेदन में कहा गया है कि किसानों का आधार और मतदाता पहचान पत्र नगर पंचायत फतेहपुर के पते पर है तथा वे फतेहपुर पैक्सके सदस्य भी हैं। विभागीय पोर्टल पर उनका पंजीकरण फतेहपुर पैक्ससे होने के कारण वे दूसरे पैक्स में धान नहीं बेच पाते। पर्याप्त कैश क्रेडिट नहीं मिलने से फतेहपुर पैक्स भी इन किसानों का धान खरीदनेमें असमर्थ है। अध्यक्षने जांच कर व्यापार मंडल के समकक्ष कैश क्रेडिट देने अथवा पैक्सको अन्य पंचायत से संबद्ध कर नगर पंचायतफतेहपुर को धान खरीद से मुक्त करने की मांग की है।

विष्णुपद मंदिर की स्वच्छताके असली पहरेदारोंको दीपावली पर मिला सम्मान

वार्ड पार्षद चंदू देवीने 60 सफाई कर्मियों को बांटे कपड़े और मिठाई

गयाजी। दीपावली का त्योहार सिर्फ दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व नहीं है, बल्कि समाजके हर वर्गके लोगों के साथ खुशियां बांटने और उनके योगदान को सम्मान देनेका भी अवसर है। इसी भावना के साथ गया नगर निगम के वार्ड संख्या 40 की वार्ड पार्षद चंदू देवीने रविवार को अपने वार्ड के लगभग 60 महिला एवं पुरुष सफाई कर्मियोंको दीपावली के अवसर पर सम्मानित किया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों को अंगवस्त्र, माला, फूल और मिठाई देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। वहीं महिला सफाई कर्मियों को साड़ी तथा पुरुष सफाई कर्मियों को पैंट-शर्ट का कपड़ा उपहार स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मियों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। वार्ड पार्षद चंदू देवी ने सभी सफाई कर्मियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों की सराहना की और कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में इनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

वार्ड संख्या 40 की विशेष पहचान विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर से भी है।



पितृपक्ष महासंगमके दौरान यहां देशके कोने-कोने से लाखों की संख्या में पिंडदानी और श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा विदेशों से भी बड़ी संख्या में तीर्थयात्री गयाजी आते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन के दौरान शहर की स्वच्छता बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होती है। इस चुनौतीको पूरा करने में सफाई कर्मियों की अहम भूमिका रहती है। उनकी मेहनतका ही परिणाम है कि तीर्थयात्री गयाजी से स्वच्छता और बेहतर व्यवस्था की यादें लेकर अपने घर लौटते हैं।वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुदामा कुमार दुबे ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज के ऐसे महत्वपूर्ण अंग हैं, जिनके बिना स्वच्छ शहर की कल्पना नहीं की जा सकती। वार्ड पार्षद चंदू देवीने बताया कि सफाई कर्मचारियों के सम्मान की यह पहल हर साल दीपावली के अवसर पर की जाती है। कार्यक्रम के अंत में सभी सफाई कर्मियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी गई।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग
लोदीपुर, बुद्धमार्ग, पटना-800001
(ee.patna.bcd@gmail.com)

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0-04/प.भ.प्र./2026-27

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक/ख्याति प्राप्त डिकोरेटर/फर्म से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक-14.11.2026 के अपराह्न 11:00बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 01:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कोटेशन का मूल्य (रू0) के:-
प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन पत्र के साथ कोटेशन मूल्य जो "संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-10840 (भ) दिनांक-13-12-2019के आलोक में ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM(O-Gras)पोर्टल-(https://e-receipt.bihar.gov.in)dsE-payment/payment over the bank counter(cash/Cheque) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमंडल, पटना के पदनाम से प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग जमा करना अनिवार्य होगा। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत O-Gras का (computerize receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। O-Gras द्वारा निर्गत चालान में चालान one time period का ही मान्य होगा, जो पन्द्रह दिनों के लिए वैध है। निर्गत चालान की तिथि कोटेशन का दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से बाद ही मान्य होगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि का अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है:-
0 से 50000.00रू0 तक 250.00रू0/ 50001.00से250000.00रू0 तक 500.00रू0/250001.00से 500000.00रू0 तक750.00रू0/500001.00से 1000000.00रू0 तक 1250.00 रू0/1000001.00 से1500000.00रू0 तक 2500.00रू0 एवं अग्रधन की राशि दो प्रतिशत (कोटेड राशि का मूल दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
कार्य का विवरणी :-

क0	कार्य का नाम एवं विशिष्टियाँ	मात्रा	ईकाई	उद्धृत दर (अंक एवं अक्षर में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Repair & Painting Inner side Ceiling SKM Building(Hall), Patna for the year 2026-27				One Week
i	Providing and applying two coats of Royal Glitter paintetc all complete job				
2	Repair of Damage wooden wool False Ceiling SKM Building(Hall) Gallery Area, Patna for the year 2026-27				One Week
i	Providing, Fitting and Fixing wooden wool false ceiling etc all complete job				

आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों के मॉडल, मेक, साइज, क्षमता, नमूने, क्वालिटी इत्यादि की अधिक जानकारी हेतु संबंधित सहायक अभियंता, एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करेंगे। विशेष शर्तें, मद एवं मात्रा की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय सूचना पट्ट पर देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करें।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 015153 (B W D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमण्डल, पटना।

डा. विजय कुमार करण की याद में गोष्ठी का आयोजन

गयाजी। जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन भवन में डा विजय कुमार करण जी के 85 वें जन्मदिन के अवसर पर उनकी याद में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उप सभापति खालिक हुसैन परदेसी ने किया। सबसे पहले डा विजय कुमार करण के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

डा विजय कुमार करणने अपनी पत्नी डा मंजु करणकी याद में डा मंजु करण सांस्कृतिक सभागार का निर्माण करवाया। वे आजीवन सम्मेलन के संरक्षक सदस्य रहे। उन्होंने गया शहर में डाक्टरी के साथ सामाजिक कार्यों में खुल कर भाग लिया। इस अवसर पर डा उमा शंकर सिंह रचित पुस्तक गया जी के गौरव पुरुष डा विजय कुमार करण से प्रमुख अंशों उदय सिंह ने रखा। महामंत्री सुमंत ने विस्तार से उनके व्यक्तित्व-कृतित्व की चर्चा की। डा निरंजन श्रीवास्तव उन्हें अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। बिनोद बरबिगहिया ने उनके किए गए सम्मेलन के अलावे शहरके अन्य कार्यों को याद किया। शंकर प्रसाद ने कहा- डा करण केवल बच्चाके डाक्टर नहीं थे, वे सामाजिक व्यक्ति भी थे। राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि डाक्टर साहबका हमलोगों के बीच से जाना सम्मेलन के लिए अपूरणीय क्षति है। सम्मेलन के सदस्यों को उनके पदचिह्नों पर चलने की जरूरत है। पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि हमें उन व्यक्तित्वों को नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने नि:स्वार्थ भावसे समाज और साहित्यके लिए कार्य किया हो। अंत में संयुक्त मंत्री उदय सिंहने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में रिंकी का शानदार प्रदर्शन

गयाजी। राज्यस्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता, राजगीर 2026 में खरहरी गाँव की होनहार एथलीट रिंकी कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर एवं 600 मीटर दौड़ में दो स्वर्ण पदक जीतकर अपने गाँव, विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। रिंकी कुमारी वर्तमान में डीएवी कैंट एरिया स्कूल की छात्रा हैं। इस शानदार सफलताके पीछे उनके कोच गौतम राज का कुशल मार्गदर्शन एवं कठिन परिश्रम रहा है। रिंकी कुमारी को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ।

विश्व उर्दू दिवस पर समारोह का आयोजन

आमस (ससू)। अंजुमन तरक्की उर्दू बिहार शाखा शेरघाटी के तत्वावधान में विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर आमस प्रखंड क्षेत्र के हमजापुर स्थित मदरसतूल हुदा में सोमवारकी शाम एक समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अल्लामा डा मोहम्मद इकबाल की जयंती पर श्रद्धांजलि के रूप में आयोजित किया गय। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध शायर अहमद असलम ने की, जबकि संचालन अंजुमन के सचिव मोहम्मद अली ने किया।इस अवसर पर वक्ताओंने अल्लामा इकबालके जीवन, उनकी शायरी और उर्दू भाषाके लिए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि 9 नवंबर अल्लामा इकबालका जन्मदिन है, जिसे पूरी दुनिया में विश्व उर्दू दिवसके रूप में मनाया जाता है. इकबालने अपनी शायरी के माध्यम से न केवल उर्दू को वैश्विक पहचान दिलाई, बल्कि युवाओंमें खुदी, कर्म और आशा का संदेश भी दिया। समारोह में हाफिज आबसार ने इकबाल का प्रसिद्ध गीत 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा' पेश किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रममें जहीर अनवर, प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता इमरान अली, मोहम्मद नसीमुद्दीन एडवोकेट,अबू अरीबा, प्रसिद्ध शायर इशराक हमजापुरी, मौलाना मुदस्सिर इमाम, हाफिज शमशेर, मास्टर ख्वाजा असलमुज्जमा, कारी उसामा, कारी तनवीर जिया, हाफिज उजैर अहमद, शहलाल अशरफी, सफदर अली बख्श, हाफिज फैजान, अबरार आलम और अब्दुल रशीद सहित कई उर्दू प्रेमियों ने भाग लिया।

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-03, पटना।
बिहार सरकार

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-65 वर्ष-2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 14.11.2026 3:00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 17.11.2026 3:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 17.11.2026 (3:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या-3, म0 नि0 वि0, पटना/सहायक विद्युत, अभियंता, विद्युत भवन अवर प्रमंडल गर्दनीबाग/ विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल,पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि लाख में	अग्रधन की राशि 2%	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	SITC of Cassette type AC machine in Room No. 365 of Health Deptt. At 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	6,34,983.00	12,700.00	1250.00	15 Days
2.	SITC of Cassette type AC Machine in Room No. 186 of Health Deptt. at 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	6,37,527.00	12,800.00	1250.00	15 Days
3.	SITC of Cassette type AC, Computer Networking System, Telephone wiring, etc in Secretary Chamber & Cell (Room No. -182) of Health Deptt. At 1st Floor of Vikash Bhawan, Patna.	11,22,497.00	22,900.00	2500.00	15 Days
4.	SITC of split AC computer networking wing system, telephone wiring etc in health minister's cell and chamber & cell of P.S. to health Minister (room no. 176A & 187) at 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	10,34,709.00	20,700.00	2500.00	15 Days
5.	SITC of split type AC along with S/R with addition and alteration to E.I. in Dawa vitran kendra and replacement of all damaged fitting in hospital building in the campus of Patna High Court, Patna (state Dispensary)	11,62,248.00	23,300.00	2500.00	15 Days
6.	Provision Computer Networking System & Telephone wiring in Room No. 178, 264, 274 & 275 of Health Deptt. At Vikash Bhawan, Patna.	10,03,427.00	20,100.00	2500.00	15 Days
7.	Provision Computer Networking System & Telephone wiring in Room No. 365 of Health Deptt., at 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	12,73,930.00	25,500.00	2500.00	15 Days
8.	Provision Computer Networking System & Telephone wiring in Room No. 186 of Health Deptt. at 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	12,75,263.00	25,600.00	2500.00	15 Days
9.	SITC of Cassette type AC, Computer Networking System, Telephone wiring, etc in Room No. -177 of Health Deptt. At 1 st Floor of Vikash Bhawan, Patna.	8,70,673.00	17,500.00	1250.00	15 Days
10.	SITC of split AC computer networking wing system, telephone wiring etc in additional secretary chamber & cell (room no. 171A) of in health deptt. At 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	5,51,153.00	11,100.00	1250.00	15 Days

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत भवन प्रमंडल सं0-3, पटना
PR- 015152 (B C D) 2026-27
विस्तृत जानकारी वेबसाइट://state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार